बरेली, गुरुवार
10 जुलाई, 2025
नगर संस्करण

दैनिक जागरण inext

PAGE NO : 06 MIDDLE

# एसआरएमएस में 5 मरीजों को फ्री सर्जरी की सुविधा का मिला लाभ

### चेयरमैन देव मूर्ति ने कैंप में रजिस्ट्रेशन की 284 स्लिप में से निकाला लकी ड्रॉ

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (9 July):** एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में रुद्रपुर की हुजैफा खान, गोंडा की निरुपमा, पीलीभीत की अफसाना, बरेली की जैनब बी और लता की फ्री सर्जरी की जाएगी. 24वें स्थापना दिवस पर आयोजित मिनिमल इनवेसिव सर्जरी कैंप में हुए 284 रजिस्ट्रेशन के लकी ड्रॉ में इन पांच मरीजों की पर्चियां निकली हैं. रजिस्ट्रेशन कराने वाले अन्य सभी मरीज संस्थान की पूर्व घोषणा के अनुसार सर्जरी पर 50 फीसद छूट के प्राप्त करेंगे.

## इसी माह मिलेगा मौका

एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के मेडिकल सुपरिटेंडेंट डा.आरपी सिंह ने कहा कि एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में 4 जुलाई को अपना 24वां स्थापना दिवस मनाया. इस अवसर पर संस्थान में पांच दिवसीय मिनिमल इनवेसिव सर्जरी कैंप आयोजित हुआ. दूरबीन विधि से ऑपरेशन के लिए लगे इस कैंप में 284 मरीजों ने गैस्ट्रो सर्जरी, न्यूरो सर्जरी, यूरोलॉजी, कॉस्मेटिक सर्जरी, इंटरवेंशनल सर्जरी, पीडियाट्रिक सर्जरी, कार्डियक सर्जरी, जनरल सर्जरी, गायनी सर्जरी, नेत्र सर्जरी, आर्थोस्कोपी एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी, नाक, कान व गला सर्जरी जैसे विभागों रजिस्ट्रेशन कराया. कैंप के समापन के बाद संस्थान के चेयरमैन देव मूर्ति ने लकी ड्रॉ निकाल कर पांच मरीजों को निशुल्क सर्जरी का तोहफा दिया. उन्होंने रजिस्ट्रेशन के सभी फार्म में से एक-एक कर पांच मरीजों की पर्चियां निकालीं. जिसमें रुद्रपुर की हुजैफा खान, गोंडा की निरुपमा, पीलीभीत की अफसाना, बरेली की जैनब बी और लता यादव की पर्ची निकली.



लकी ड्रा से निकाला गया पांच मरीजों का नाम.